अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियां

स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन

दिनांक–24.09.2024 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा पथ प्रमंडल, किशनगंज के अधीन पोठिया लिंक पथ का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निदेश दिये गये:–

उपस्थित पदाधिकारी:–

(1) ई0 इरफान अली, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, पूर्णियाँ

(2) ई0 शैलेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, किशनगंज

(3) ई0 राजीव कुमार, सहायक अभियंता(अनु0), पथ अंचल, पूर्णियाँ

(3) ई0 संजय कुमार, सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, किशनगंज

(5) श्री अजीत कुमार, कनीय अभियंता, पथ प्रमंडल, किशनगंज

(6) संवेदक प्रतिनिधि

उक्त पथ की लंबाई 7.00 कि0 मी0 है, जिसकी चौड़ाई 3.05 से 7.00 मी0 करने हेतु कार्य स्वीकृत है। उक्त कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि 4880.48 लाख एवं तकनीकी स्वीकृति की राशि रू0 3121.986 लाख मात्र है। इस कार्य के एकरारनामा की राशि रू0 2276.18891 लाख मात्र है। उक्त कार्य के प्रारंभ की तिथि– 04.11.2022 एवं एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि– 03.11.2023 है। कार्य ससमय पूर्ण नहीं करने के कारण कार्यपालक अभियंता द्वारा संवेदक को पत्रांक– 625, दिनांक– 03.05.2024 द्वारा Debar कर दिया गया है।

निरीक्षण के क्रम में (i) पथ के 2रे, 3रे एवं 6ठे कि0 मी में पथ के Flank में कहीं–कहीं Rain cut पाया गया, जिसे दुरूस्त कराने का निदेश कार्यपालक अभियंता को स्थल दिया गया।
(ii) पथ के 5वें कि0 मी0 में नवनिर्मित 3/33/0 आकार के कुल 2 अदद बॉक्स कल्भर्ट का कार्य पूर्ण पाया गया, परन्तु उक्त कल्भर्ट के पहुँच पथ(लंबाई लगभग 100 मी0 दोनों तरफ) पर कालीकरण का कार्य नहीं किया गया है, जिसे 15 दिनों के अंदर पूर्ण कराने का निदेश कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक प्रतिनिधि को दिया गया।

उक्त पथ के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड द्वारा 3रे कि0 मी0 में 3x32 आकार के उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया जा रहा है, परन्तु निरीक्षण के दौरान कार्य पूर्ण तौर पर बंद पाया गया। साथ ही पथ के 5वें कि0 मी0 में 3x18 मी0 आकार का उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य पूर्ण पाया गया, जिसके पहुँच पथ जिसकी लंबाई लगभग 415 मी0 है, का कार्य अभी तक प्रारंभ भी नहीं किया गया है। निरीक्षण स्थल पर उपस्थित बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अभियंता को पहुँच पथ का कार्य शीघ्र प्रारंभ कर पूर्ण कराने का निदेश अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिया गया।

विदित हो कि पथ में शेष बचे कार्य को शीघ्र कराने का निदेश कार्यपालक अभियंता को दिया गया।

ह0/–
अधीक्षण अभियंता
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

ज्ञापांक–　　　　　　　　　　दिनांक–

प्रतिलिपि :–कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, किशनगंज को सूचनार्थ एवं निरीक्षण के दौरान दिए गए निदेश के अनुपालनार्थ प्रेषित।

ह0/–
अधीक्षण अभियंता
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

Scanned with OKEN Scanner

ज्ञापांक–
प्रतिलिपि :–मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।
दिनांक–

ह0/–

अधीक्षण अभियंता
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

ज्ञापांक– 890
प्रतिलिपि :–मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।
दिनांक– 25/09/2024

25.9.24
अधीक्षण अभियंता
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

25/9/24

Scanned with OKEN Scanner